आई आई टी कानपुर की यातायात व्यवस्था में सुधार : कुछ सवाल

जैसे जैसे भारत में यातायात वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है, भारतीय सड़कों की और उन पर यातायात की हालत और भी खस्ता होती जा रही है। यदि आप दुर्भाग्यशाली हैं तो आपकी जान भी जा सकती है। विदित है कि हमारे खुद के एक संकाय सदस्य हाल ही में इस तरह की एक दुर्घटना का शिकार हुये थे। राष्ट्रीय स्तर पर दुर्घटनाओं के आंकड़े काफ़ी परेशानी के कारण हैं।

यहां आई आई टी में हममें से कुछ लोगों के एक दल ने यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने का बीड़ा उठाया है जिसकी शुरुआत कैम्पस से ही होगी व प्रयत्न किया जायेगा कि इसको बाहर भी फैलाया जा सके। इस प्रारंभिक स्थिति में हमारे लिये कुछ सवालों पर आपके विचारों को जानना आवश्यक है। इसके लिये कृपया इस पन्ने में लिखे हुये कुछ सवालों का जबाब दें व हमको वापस कर दें। कृपया उचित बॉक्सों में निशान लगायें।

(१) यदि आप चाहें तो अपने बारे में बता सकते हैं।

☐ संकाय सदस्य ☐ विद्यार्थी ☐ कर्मचारी ☐ कैम्पस के अन्य सदस्य या निवासी ☐ अक्सर आने वाले आगंतुक

(२) क्या आप कैम्पस में यातायात के नियमों को लागू किया जाना या इनके पालन को ज़रूरी समझते हैं?

☐ बिल्कुल नहीं ☐ नहीं ☐ शायद ☐ हां ☐ अवश्य

(३) आप कैम्पस के अन्दर कौन कौन से वाहनों का प्रयोग करते हैं? (कृपया उचित विकल्पों पर निशान लगायें)

☐ साइकल ☐ मोटर साइकल / स्कूटर ☐ कार ☐ कुछ भी नहीं ☐ अन्य (कृपया नाम लिखें) ………………..

(४) आपके अनुसार सुगम यातायात से जुड़े सबसे ज़रूरी मुद्दे क्या हैं? (आप जो ज़रूरी समझते हैं उन पर निशान लगायें या यदि वो विकल्प यहां नहीं है तो नीचे लिखें)

- ☐ दायीं तरफ़ ठीक से मुड़ना
- ☐ अंदर की सड़कों से मुख्य सड़क पर जाने से पहले मोड़ पर रूकना व इधर उधर देखना
- ☐ सड़कों पर बायीं तरफ़ चलना या चलाना
- ☐ गति सीमा का पालन करना
- ☐ सड़क के बीचोंबीच नहीं चलना / चलाना / घूमना व सड़क जाम न करना
- ☐ कैम्पस के अन्दर गाड़ी की बत्तियों को नीचे करके जलाना
- ☐ कैम्पस के अन्दर हॉर्न का अनावश्यक प्रयोग न करना
- ☐ अन्य (कृपया लिखें)……………………………………………………………………………

(५) क्या आप इस काम में शामिल होना चाहेंगे?

- ☐ नहीं
- ☐ अभी नही
- ☐ मैं नैतिक रूप से समर्थन करना चाहूंगा
- ☐ मैं पूरी तरह से शामिल होना चाहूंगा

कृपया भरी हुई प्रश्नावली को अपने निकटतम सुरक्षाकर्मी को 22 अगस्त 2004 के पहले दे दें।

यदि आप कोई सवाल पूछना चाहते हैं या कोई विचार, या प्रतिक्रिया जाहिर करना चाहते हैं तो कृपया **आई आई टी यातायात सुधार दल** को 259-7904 पर सम्पर्क करें या iitk-traffic-owner@yahoogroups.com पर ईमेल भेजें।